भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 5143**

**02 अप्रैल, 2025 के लिए प्रश्न**

## खाद्यान्न भंडारण के लिए गोदाम

**5143. श्री अरविंद गणपत सावंत:**

**श्री संजय उत्तमराव देशमुख:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र में खाद्यान्न भंडारण के लिए कार्यात्मक गोदामों की जिलावार वर्तमान स्थिति क्या है तथा उक्त गोदामों से लाभान्वित किसानों की संख्या कितनी है;

(ख) उक्त गोदामों की क्षमता कितनी है और क्या उक्त क्षमता संबंधित राज्यों में खाद्यान्नों के भंडारण के लिए पर्याप्त है;

(ग) क्या सरकार का विचार देश में विशेषकर महाराष्ट्र के यवतमाल-वाशिम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में अतिरिक्त गोदाम स्थापित करने का है; और

(घ.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)**

**(क) और (ख):** महाराष्ट्र एक उपभोक्ता क्षेत्र और एक विकेंद्रीकृत खरीद (डीसीपी) राज्य है। राज्य सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए)/अन्य कल्याणकारी योजनाओं (ओडब्ल्यूएस) की आवश्यकता के अनुसार खाद्यान्न खरीदती है, भंडारण करती है और वितरित करती है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) कम खरीद के मामले में सामने आता है जिसमें स्टॉक को शामिल करके कमी को पूरा किया जाता है अथवा अधिक खरीद के मामले में अतिरिक्त स्टॉक को कमी वाले क्षेत्रों में ले जाया जाता है।

दिनांक 15.03.2025 तक, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) पूरे महाराष्ट्र राज्य में केंद्रीय पूल खाद्यान्नों के भंडारण के लिए 64 गोदामों (स्वामित्व वाले-13 और किराए पर लिए गए-51) का संचालन कर रहा है जिसकी कुल क्षमता 17.54 लाख टन है। जिलेवार विवरण **अनुबंध** में है।

इसके अतिरिक्त, दिनांक 01.02.2025 तक, केंद्रीय पूल खाद्यान्नों के भंडारण के लिए महाराष्ट्र के राज्य भंडारण निगम (एसडब्ल्यूसी) सहित राज्य एजेंसियों के पास (एफसीआई को दी गई क्षमताओं को छोड़कर) 6.98 लाख टन की कुल भंडारण क्षमता उपलब्ध है।

महाराष्ट्र में चार महीने की आवश्यकता से अधिक की पर्याप्त भंडारण क्षमता है जो डीसीपी उपभोग करने वाले राज्य के लिए आदर्श है।

चूँकि, महाराष्ट्र एक विकेंद्रीकृत खरीद (डीसीपी) राज्य है, इसलिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) सीधे किसानों से खाद्यान्न नहीं खरीदता है। इसलिए, उक्त गोदामों से लाभान्वित किसानों की संख्या के संबंध में प्रश्न लागू नहीं होता है।

**(ग) और (घ):** भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में भंडारण क्षमता की आवश्यकता खरीद के स्तर, बफर मानदंडों की आवश्यकता और खाद्यान्न (चावल और गेहूं) के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) संचालन पर निर्भर करती है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) भंडारण क्षमता का लगातार आकलन और निगरानी करता है तथा आवश्यकता और भंडारण अंतराल के आकलन के आधार पर महाराष्ट्र सहित पूरे भारत में निम्नलिखित योजनाओं के माध्यम से भंडारण क्षमताएं बनाई/किराए पर ली जाती हैं:

1. सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) पद्धति के तहत साइलो का निर्माण
2. निजी उद्यमी गारंटी (पीईजी) स्कीम
3. केंद्रीय क्षेत्र स्कीम "भंडारण और गोदाम"
4. केंद्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी)/राज्य भंडारण निगम (एसडब्ल्यूसी)/राज्य एजेंसियों से गोदाम किराए पर लेना
5. निजी भंडारण स्कीम (पीडब्ल्यूएस)
6. संपत्ति मुद्रीकरण के तहत गोदामों का निर्माण

*****

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 02.04.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 5143 के भाग (क) से (ख) में उल्लिखित अनुबंध।

**एफसीआई खाद्य भंडारण डिपो (स्वामित्व+किराए पर) का विवरण - महाराष्ट्र**

दिनांक - 15.03.2025 तक

| क्र. सं. | राजस्व जिले का नाम | खाद्य भंडारण डिपो का नाम | स्वामित्व/किराए पर | वर्तमान क्षमता (टन में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुंबई | एफएसडी बोरिवली | स्वामित्व | 120701 |
| 2 | ठाणे | एफएसडी भिवंडी | स्वामित्व | 12816 |
| 3 | रायगढ | एफएसडी पनवेल | स्वामित्व | 97440 |
| 4 | रायगढ | तलोजा साइलो | किराए पर | 50000 |
| 5 | रत्नागिरी | एफएसडी रत्नागिरी | स्वामित्व | 11664 |
| 6 | रत्नागिरी | एसडब्लूसी रत्नागिरी | किराए पर | 7000 |
| 7 | सिंधुदुर्ग | एसडब्लूसी कुडाल | किराए पर | 10600 |
| 8 | नासिक | एफएसडी मनमाड | स्वामित्व | 263492 |
| 9 | नासिक | एफएसडी अंकाई कॉम्प्लेक्स | स्वामित्व | 27546 |
| 10 | जलगांव | एमएसडब्ल्यूसी जलगांव | किराए पर | 53120 |
| 11 | धुले | एमएसडब्ल्यूसी धुले 1 | किराए पर | 21284 |
| 12 | अहमदनगर | एफएसडी अहमदनगर | स्वामित्व | 5400 |
| 13 | अहमदनगर | एमएसडब्ल्यूसी केडगांव | किराए पर | 16240 |
| 14 | अहमदनगर | एमएसडब्ल्यूसी नागपुर | किराए पर | 7825 |
| 15 | अहमदनगर | एसडब्लूसी खड़की | किराए पर | 8960 |
| 16 | नंदुरबार | पीडब्लूएस फीनिक्स एंटरप्राइजेज | किराए पर | 22680 |
| 17 | जलगांव | पीडब्ल्यूएस युगश्री जय साई डब्ल्यू/एच प्राइवेट लिमिटेड | किराए पर | 13000 |
| 18 | जलगांव | पीडब्लूएस कीर्ति एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड | किराए पर | 13000 |
| 19 | जलना | एमएसडब्ल्यूसी जालना बोकारधन | किराए पर | 23720 |
| 20 | औरंगाबाद | एमएसडब्ल्यूसी औरंगाबाद गुट 57 | किराए पर | 23360 |
| 21 | जलना | एमएसडब्ल्यूसी जालना बोरखेड़ी | किराए पर | 29100 |
| 22 | नांदेड़ | एमएसडब्ल्यूसी नांदेड़ | किराए पर | 25000 |
| 23 | परभनी | एमएसडब्ल्यूसी परभणी | किराए पर | 19900 |
| 24 | बीड | एसडब्लूसी परली वैजनाथ | किराए पर | 9500 |
| 25 | लातूर | एसडब्लूसी लातूर | किराए पर | 21410 |
| 26 | लातूर | पीडब्ल्यूएस राजतारा डब्ल्यू/एच लातूर - I | किराए पर | 9906 |
| 27 | लातूर | पीडब्ल्यूएस राजतारा वेंचर्स लातूर - II | किराए पर | 12320 |
| 28 | बीड | पीडब्लूएस केसोना डब्ल्यू/एच कॉर्प. पारली | किराए पर | 17500 |
| 29 | नांदेड़ | पीडब्ल्यूएस प्रशांत वेयरहाउसिंग नांदेड़ | किराए पर | 10440 |
| 30 | परभनी | पीडब्लूएस देवा वेयरहाउस प्रभानी | किराए पर | 30000 |
| 31 | हिंगोली | पीडब्लूएस खुराना डब्ल्यू/एच हिंगोलो | किराए पर | 8400 |
| 32 | हिंगोली | पीडब्ल्यूएस संत नामदेव नगरी एसपीएम हिंगोली | किराए पर | 4200 |
| 33 | औरंगाबाद | पीडब्लूएस सहारा वेयरहाउसिंग सर्विस | किराए पर | 11340 |
| 34 | नागपुर | एफएसडी अजनी ओल्ड कॉम्प्लेक्स | स्वामित्व | 52118 |
| 35 | नागपुर | एफएसडी अजनी न्यू कॉम्प्लेक्स | स्वामित्व | 33382 |
| 36 | वर्धा | एफएसडी वर्धा | स्वामित्व | 125525 |
| 37 | गोंदिया | एफएसडी गोंदिया | स्वामित्व | 35016 |
| 38 | गोंदिया | सीडब्ल्यूसी गोंदिया-II | किराए पर | 6264 |
| 39 | चंद्रपुर | एमएसडब्ल्यूसी चंद्रपुर पडोली | किराए पर | 16240 |
| 40 | चंद्रपुर | एमएसडब्ल्यूसी ब्रह्मपुरी | किराए पर | 5500 |
| 41 | यवतमाल | सीडब्ल्यूसी यवतमाल | किराए पर | 18714 |
| 42 | अकोला | सीडब्ल्यूसी अकोला-I | किराए पर | 13572 |
| 43 | अकोला | सीडब्ल्यूसी अकोला-II | किराए पर | 19152 |
| 44 | अमरावती | एमएसडब्ल्यूसी धामणगांव | किराए पर | 5100 |
| 45 | बुलढाणा | पीडब्लूएस खामगांव ब्लैकस्टोन लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड | किराए पर | 35000 |
| 46 | वाशिम | पीडब्लूएस वाशिम राबिया लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड | किराए पर | 30000 |
| 47 | अमरावती | पीडब्लूएस बडनेरा रेणुका ऑयल इंडस्ट्रीज | किराए पर | 25000 |
| 48 | बुलढाणा | एमएसडब्ल्यूसी खामगांव बारखेड | किराए पर | 15000 |
| 49 | पुणे | एफएसडी पुणे | स्वामित्व | 31577 |
| 50 | सोलापुर | एफएसडी सोलापुर | स्वामित्व | 31912 |
| 51 | कोल्हापुर | सीडब्ल्यूसी कोल्हापुर | किराए पर | 13584 |
| 52 | पुणे | एसडब्लूसी बारामती | किराए पर | 11580 |
| 53 | पुणे | पीडब्लूएस बारामती - I | किराए पर | 10000 |
| 54 | पुणे | पीडब्लूएस बारामती - II | किराए पर | 10000 |
| 55 | सांगली | सीडब्ल्यूसी मिराज | किराए पर | 90072 |
| 56 | सतारा | एसडब्लूसी लोनंद | किराए पर | 18392 |
| 57 | सतारा | एसडब्लूसी सतारा | किराए पर | 11000 |
| 58 | सतारा | एमएसडब्ल्यूसी सतारा जलगांव जंब | किराए पर | 7000 |
| 59 | सोलापुर | एसडब्लूसी चिंचोली | किराए पर | 13700 |
| 60 | सोलापुर | एसडब्लूसी ताड़वले | किराए पर | 10000 |
| 61 | सोलापुर | एसडब्लूसी पंढरपुर | किराए पर | 10000 |
| 62 | सतारा | पीडब्लूएस कराड | किराए पर | 9240 |
| 63 | पुणे | पीडब्लूएस फुरसुंगी | किराए पर | 14840 |
| 64 | सतारा | पीडब्लूएस श्री गणराज डब्ल्यू/एच कंपनी. | किराए पर | 6160 |
| | | **कुल** | | 1753504 |